हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 दिसंबर 2025

04 ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित...




07 नपा कर्मियों को वेतन के लिए करना पड़ रही है बकाया...





## खबर संक्षेप

### खुरई जेल रोड पर मीट मार्केट का निर्माण कार्य निरस्त

**सागर।** खुरई में जेल रोड पर प्रस्तावित मीट मार्केट के निर्माण कार्य को निरस्त करने के निर्देश पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई नगर पालिका के सीएमओ को दिए हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त स्थान पर मीट मार्केट बनने को लेकर स्थानीय जनता को आपत्ति है अतः जनभावनाओं को देखते हुए पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने इसे निरस्त करने के निर्देश दिए है। अब मीट मार्केट के निर्माण हेतु अन्यत्र स्थल को निर्धारित किया जाएगा।

### गहोई दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाने तैयारियां शुरू

**सागर।** श्री गहोई वैश्य समाज संचालक मंडल बैठक अध्यक्ष सुरेंद्र सुहाने की अध्यक्षता संपन्न हुई । बैठक में समाज में आयोजित आगामी कार्यक्रमों पर विचार कर निर्णय लिए गए। बैठक में संरक्षक ओमप्रकाश रूसिया, अध्यक्ष (ट्रस्ट कमेटी) मनोज डेंगरे सचिव डॉ. संजीव कठल कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सुहाने सहसचिव सचिन सिपोलिया सदस्यगण आनंद ददरया, रमेश इटोरिया, मोहन रूसिया, सुधीर झुडेले, महेश इटोरिया, शरद गुप्ता (विश्ववारी), अतुल सरावगी, सृजन सुहाने उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी शरद गुप्ता ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर 24 जनवरी शनिवार को श्री मंदिर जी में श्री जगमोहन सरकार का प्रातःकालीन अभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात यह भी निर्णय लिया गया कि 25 जनवरी (रविवार) को गहोई दिवस भव्य हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। जिसमें शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा श्री गेंडा जी उत्सव भवन से प्रारंभ होकर ग़ेड़ा जी धर्मशाला गुजराती बाजार में समारोह पूर्वक संपन्न की जाएगी । बैठक में निर्णय लिया गया कि मई में सामूहिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उपस्थित सभी सदस्यों की सलाह से विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए समितियों का गठन किया गया तथा सदस्यों को दायित्व सौंपे गए।

### 19 जनप्रतिनिधियों का निर्वाचन 29 दिसम्बर को

**सागर।** सागर में पंचायतों में रिक्त हुए पदों पर त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन उत्तरार्द्ध के तहत सागर में जनपद पंचायत सदस्य के 02, सरपंच के 03 एवं पंच पद हेतु 14 कुल 19 जनप्रतिनिधियों का निर्वाचन 29 दिसम्बर को कराया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर जिले के जनपद पंचायत राहतगढ़ में निर्वाचन क्षेत्र क्र0-23 जनपद पंचायत सदस्य हेतु ग्राम रानीपुरा, बेरखेरा खुमान, सेमरा हॉट, देवरी। जनपद पंचायत बंड़ा में निर्वाचन क्षेत्र क्र0-13 जनपद पंचायत सदस्य हेतु ग्राम छापरी, सिमरिया छापरी, पिपरिया चमारी। जनपद पंचायत बीना में सरपंच पद हेतु ग्राम देवल। जनपद पंचायत खुरई में सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायत प्यासी। जनपद पंचायत देवरी में सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायत सुजानपुर। जनपद पंचायत सागर में पंच पद हेतु ग्राम पंचायत बम्होरी दूडर। जनपद पंचायत जैसीनगर में पंच पद हेतु ग्राम पंचायत हीरापुर। जनपद पंचायत रहली में पंच पद हेतु ग्राम पंचायत छुल्ला, ग्राम पंचायत बम्होरीगरय। जनपद पंचायत देवरी में पंच पद हेतु ग्राम पंचायत अनंतपुरा। जनपद पंचायत केसली में पंच पद हेतु ग्राम पंचायत चौका, ग्राम पंचायत बम्हनी। जनपद पंचायत बंड़ा में पंच पद हेतु ग्राम पंचायत पचनारी, ग्राम पंचायत नैनधरा। जनपद पंचायत खुरई में पंच पद हेतु ग्राम पंचायत मगरधा, ग्राम पंचायत विनायठा। जनपद पंचायत बीना में पंच पद हेतु ग्राम पंचायत हडकलजैन, ग्राम पंचायत पड़रिया एवं बरौदयाघाट।

## मानवता की अनमोल भेंट: शिक्षण कार्य हेतु किया गया देहदान

# स्व. गणेश प्रसाद के परिजनों ने दान किया उनका पार्थिव शरीर बीएमसी के एनाटॉमी विभाग के चिकित्सा विद्यार्थियों को मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बीएमसी में स्व. गणेश प्रसाद के परिजनों द्वारा उनके पार्थिव शरीर को एनाटॉमी विभाग में शिक्षण/प्रशिक्षण हेतु देहदान स्वरूप दिया गया। उनके परिवार के आदेशानुसार, उनके पार्थिव शरीर को अनुसंधान और शिक्षा हेतु स्वीकार किया गया है। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज का मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन बताया कि देहदाता ने 22/10/2025 को देहदान हेतु संबंधित विभाग में फॉर्म भरा था। गणेश प्रसाद की मृत्यु के बाद 15 घंटे में देहदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस दौरान डीन डॉ पी.एस. ठाकुर एवं एनाटॉमी विभाग के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

डीन डॉ पी एस ठाकुर ने कहा कि देश के समाजोपयोगी कार्य के लिए गणेश प्रसाद के परिवार के प्रति हमारा सम्मान एवं आभार सदैव रहेगा। उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय में यह चौथा देहदान है, जिसे शासन के आदेश अनुसार गार्ड ऑफ हॉनर दिया गया है।अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम के अंत में देहदाता के परिवार को धन्यवाद एवं इस महान कार्य के लिए आभार व्यक्त किया गया। पूरा महाविद्यालय परिवार इस पुण्य कार्य के लिए सदैव आभारी रहेगा।




### 23 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित होगा स्वदेशी मेला

**सागर।** स्वदेशी जागरण मंच, जिला सागर के तत्वावधान में सागर में आयोजित होने वाले तृतीय स्वदेशी मेला को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। यह मेला 23 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वदेशी उत्पादों, आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा एवं युवाओं में स्वावलंबन की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को इस स्वदेशी मेले में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।




### संपत्तिकर, जलकर की राशि जमा न करने पर महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तालाबंदी की कार्रवाई

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार बकाया करों की वसूली हेतु नगर निगम की टीम द्वारा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तालाबंदी की कार्रवाई की। नगर निगम को शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज से संपत्ति कर एवं जलकर की लगभग 9 लाख रुपए एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपत्ति कर की 2 लाख 47 हजार रुपए की राशि लेना है। इसके अलावा पोद्दार कालोनी में बालाजी इंटरप्राइजेज से 64 हजार रुपए संपत्ति कर जमा करवाया । निगमायुक्त ने राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को निर्देश दिए हैं कि राजस्व वसूली माह दिसम्बर में सभी बड़े बकायादारों से संपर्क कर संपत्ति कर,जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया जमा कराने की कार्रवाई करें तथा कर जमा न करने वालों के विरुद्ध तालाबंदी की कार्रवाई करें। कार्रवाई के दौरान राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, कृष्ण कुमार चौरसिया, राजू रैकवार सहित समस्त कर संग्राहक उपस्थित थे।




### डिग्री आधारित शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महाविद्यालय निभा रहा है अग्रणी भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों ने कॉलेज चलो अभियान के तहत ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय पहुंचकर छात्र छात्राओं को 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इस महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। जबकि एक अन्य टीम द्वारा डीएनसीबी स्कूल में भी संपर्क किया गया।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय पहुंची महाविद्यालय की फैकल्टी टीम में शामिल डॉ संगीता कुंभारे, डॉ संदीप सबलोक, डॉ शालिनी परिहार, सुनील प्रजापति व राम तिवारी ने कक्षा ग्यारहवीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित पाठ्य क्रमो एवं शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। इसी तरह डॉक्टर अंकुर गौतम तथा डॉ संदीप तिवारी ने डीएनसीबी स्कूल पहुंचकर संपर्क कार्यक्रम चलाया।ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार सोनी, स्कूल फैकल्टी शालिनी जैन व सुरेंद्र विश्वकर्मा की उपस्थिति में डॉ संगीता कुंभारे ने महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों, सुविधाओं और फैकल्टी के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

डॉ संदीप सबलोक ने छात्र छात्राओं को बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, जिले के युवा छात्र-छात्राओं को डिग्री आधारित शिक्षा देने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व के निर्माण और विकास में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां के विद्यार्थियों ने प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में कला, संस्कृति, खेल, साहित्य, एनसीसी व एनएसएस सहित अनेकों क्षेत्रों में परचम लहराकर महाविद्यालय और सागर का नाम रोशन किया है। इनमें हाल ही में 10 छात्र अग्नि वीर परीक्षा के द्वारा सैन्य सेवा में चयनित हुए हैं। इसके अलावा भी कई क्षेत्रों में यहां के विद्यार्थी विभिन्न पदों को हासिल कर शासन और समाज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय पहुंची महाविद्यालय की टीम में शामिल डॉ शालिनी परिहार, सुनील प्रजापति तथा राम तिवारी ने भी विभिन्न जानकारियां देकर उपस्थित छात्र-छात्राओं से कक्षा 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने का आह्वान किया।

### पटवारी को पीटने व जातिसूचक गाली देने की घटना लोकतंत्र और संविधान पर किया गया क्रूर हमला है: भूपेंद्र सिंह मुहासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ज़िले के देवरी विधानसभा क्षेत्र से चुने गए विधायक ब्रज बिहारी पटेरिया द्वारा पटवारी के साथ की गई मारपीट, अभद्रता और जातिसूचक गालियों की घटना को लेकर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस कृत्य को लोकतंत्र और संविधान पर किया गया क्रूर हमला करार देते हुए विधायक की तत्काल गिरफ्तारी और उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग की है। इस संबंध में पूर्व मंत्री व देवरी के पूर्व विधायक हर्ष यादव के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेसजन प्रशासन को ज्ञापन देंगे जिसके बाद जिले भर में व्यापक आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

देवरी विधानसभा अंतर्गत मौजा गौरझामर, पटवारी हल्का नंबर 8 में पदस्थ पटवारी श्री दुर्गेश चढ़ार के साथ हुई इस नृशंस घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर उक्त विधायक ने न केवल एक सरकारी कर्मचारी को पीटा है, बल्कि संविधान की मूल भावना और नैतिक मर्यादाओं को पैरों तले रौंद दिया है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 स्पष्ट करता है कि कोई भी जनप्रतिनिधि कानून से ऊपर नहीं है। विधायक को कानून के शिकंजे से विशेषाधिकार नहीं बचा सकता।मुहासा ने जोर देकर कहा कि पटवारी दुर्गेश चढ़ार के साथ किया गया यह अपमान जनक और हिंसक व्यवहार, विशेषकर जातिसूचक गालियाँ देना, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्गों के सम्मान की रक्षा हेतु बने विशेष कानूनों का सीधा उल्लंघन है और यह दंडनीय अपराध है।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने प्रशासन और विधानसभा से मांग की है कि इस मामले में प्रशासन त्वरित प्रभाव से संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विधायक को अविलंब गिरफ्तार करे तथा पीड़ित पटवारी श्री दुर्गेश चढ़ार और राजस्व अमले की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

भूपेंद्र मुहासा ने विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल से आग्रह किया कि वे इस घटना का स्वतः संज्ञान लें और विधायक की सदस्यता समाप्त कर उन्हें सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करें।

### मुख्यमंत्री के आतिथ्य में होगा श्रीदक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन

**सागर।** आगामी 1 फरवरी,को सागर के रुद्राक्षधाम मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि भोपाल में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से भेंट कर उनसे 1 फरवरी को दक्षिणमुखी भगवान श्री हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन के मुख्य आतिथ्य का आग्रह किया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने इसके लिए मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित श्री दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्री रामकथा का सात दिवसीय आयोजन आगामी 31 जनवरी, से 6 फरवरी तक आयोजन है। सुप्रसिद्ध रामकथा वाचक पं प्रेमभूषण जी महाराज के श्रीमुख से सभी को श्रीरामकथा के श्रवण का अवसर मिलेगा। इस सात दिवसीय आयोजन के द्वितीय दिवस 1 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा जिसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी होंगे। आयोजन की व्यापक तैयारियां अभी से आरंभ हो चुकी हैं।



### निगम आयुक्त के निर्देशानुसार विभिन्न 15 स्थानों पर स्थित अनुपयोगी ट्यूबवेल के विद्युत कनेक्शन विच्छेद कराए

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बढ़ते हुए विद्युत बिल को कम करने के लिए विभिन्न स्थानों पर स्थित ट्यूबवेल का निरीक्षण करवाया और पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति होने के कारण 15 स्थान पर स्थित ट्यूबवेल के विद्युत कनेक्शनों को विच्छेद कराने के निर्देश दिए । नगर निगम को इन 15 ट्यूबवेल के विद्युत कनेक्शनों के बिल में लगभग 25 लाख रुपए प्रतिवर्ष वहन करना पड़ रहा था अब नगर निगम के विद्युत व्यय के भार में प्रतिवर्ष लगभग 25 लाख रुपए की बचत होगी।इन स्थानों के ट्यूबवेल के विद्युत कनेक्शनों को विच्छेद किया गया- बाघराज मंदिर परिसर, बाहुबली कॉलोनी, डॉक्टर नाचन दास के पीछे, विजय टॉकीज चौराहा, राजीव नगर वार्ड कैथवारी देवी मंदिर, झूलेलाल मंदिर संतकंवरराम वार्ड ,पुराने आरटीओ कार्यालय के पास, मलैया मैरिज गार्डन गेट के सामने तिली वार्ड, दयानंद वार्ड ,नमकमंडी जवाहर गंज वार्ड,झूला तिराहा शुक्रवारी वार्ड ,मोतीनगर थाना के पास, बामन खेड़ी, अमावनी, पार्षद विनोद तिवारी के निवास के पास भगतसिंह वार्ड के कुल 15 ट्यूबवेल के विद्युत कनेक्शनों को विच्छेद किया गया है। प्रकाश प्रभारी आशिमा तिर्की ने बताया कि जिन स्थानों से ट्यूबवेल के विद्युत कनेक्शनों को विच्छेद किया गया है उन स्थानों पर पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है ,इन विद्युत कनेक्शनों का प्रतिमाह निर निगम को विद्युत बिल भरना पड़ रहा था। निगमायुक्त ने जलप्रदाय शाखा एवं प्रकाश विभाग को निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार के अन्य विद्युत कनेक्शन की भी जांच की जावे और अनुपयोगी पाए जाने पर तत्काल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई की जावे जिससे विद्युत व्यय के भार में कमी हो सके ।




### थाना प्रभारी रजनी कांत दुबे का हुआ सागर ट्रांसफर, विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा थाने में पदस्थ थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे का सोमवार के दिन ट्रांसफर सागर हो जाने पर थाना परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीओपी रहली प्रकाश मिश्रा, सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर, रहली थाना प्रभारी सुनील शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, अधिवक्ता संघ जमील कुरैशी, संजय दुबे, दिनेश लहरिया, अधिवक्ता सहित नगर के गणमान्य नागरिक सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर सभी के द्वारा दुबे का साल श्रीफल एवं पुष्टाहार से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा दुबे के कार्यकाल की सराहना करते दीर्घायु एवं स्वास्थ्य रहने सहित शुभकामनाए दी। कार्यक्रम का आभार संजय दुबे द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते कहा कि कल जब मेरा ट्रांसफर का आर्डर मिला तो मैं बहुत सहज और प्रसन्नता का अनुभव कर रहा था कि मेरी मन चाही पोस्टिंग भी हो गई थी। ओर में बहुत ही हल्का मेहसूस कर रहा था कल तक लेकिन आज जब इस कार्यक्रम में आया तो कहीं ना कहीं आज मैं भावुक हो रहा हूं। ओर आंखें भर आईं कि जिस तरह से आप सब ने अपना प्यार और अपनापन दिया यह मेरा छठवां जिला था यहां मेरा गृह निवास भी है और जितना प्यार और अपनापन यहां के लोगों इसको में अपने जीवन कि बहुमूल्य यादें लेकर जा रहा हूं। रहली एसडीओपी प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आज गढाकोटा के थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक कार्यालय होने के उपलक्ष्य में सभी गणमान्य नागरिकों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया था। गढाकोटा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सभी लोग उपस्थित हुए थे।ओर बड़े ही भाव पूर्ण उनको विदाई दी गई है उनके अच्छे कार्य काल कि सभी ने सराहा और उज्वल भविष्य कि कामना की है।

## आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने व सभी महिला सुविधागृह चालू करने के निर्देश

# महापौर ने 'आपकी महापौर आपके द्वार' और जनचौपाल शिविरों के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से आयोजित "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचौपाल शिविरों में प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा हेतु महापौर संगीता सुशील तिवारी ने समीक्षा बैठक ली । बैठक में महापौर द्वारा मधुकरशाह, शिवाजी नगर, गोपाल गंज, वृंदावन, गांधी चौक एवं नरयावली नाका वार्ड में आयोजित किए गए शिविरों में भवन भूमि शाखा, योजना शाखा, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पेंशन प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, नामांतरण, लोककर्म प्रकाश विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित कार्य के 88 आवेदनों की विभागवार समीक्षा की । उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक आवेदन की प्रगति की जानकारी ली तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का निराकरण शासन के नियमों एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए।

महापौर ने कहा कि "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचौपाल शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की मूलभूत समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों का निराकरण तत्काल किया जा सकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि नागरिकों को बार-बार नगर निगम कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



महापौर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में दस्तावेजों की कमी अथवा तकनीकी कारणों से निराकरण में समय लग रहा है, उन मामलों में आवेदकों को स्पष्ट जानकारी दी जाए और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में आयोजित होने वाले शिविरों में प्राप्त आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए।

#### सभी महिला सुविधागृह चालू करें

महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि सभी महिला सुविधागृह चालू करें अगर बंद पाए जाएं तो संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए । इसके अलावा जिन स्थानों पर महिला सुविधागृह बनाए जा सकते हैं ऐसे स्थानों को चिन्हित कर कार्रवाई करें। महापौर ने कहा कि नगर निगम प्रशासन नागरिकों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और जनसरोकार से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में रिशांक तिवारी, सहायक यंत्री संजय तिवारी, स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह, कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, उपयंत्री दिनकर शर्मा, रामाधार तिवारी, महादेव सोनी, आसिमा तिर्की, लेखाधिकारी हर्ष केशरवानी, आयुष शुक्ला, शशांक रावत सहित नगर निगम के संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### मां-पत्नी समेत मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** सौजना थानान्तर्गत ग्राम रूकवाहा में रहने वाले राजकुमार पुत्र कोमल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि रविवार को सुबह साढ़े नौ बजे गांव के रामस्वरूप पुत्र लच्छू यादव, हरसिंह व बृजभान पुत्रगण रामस्वरूप उसके घर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाव करने आयीं उसकी मां कुसुम व पत्नी रेखा के साथ भी लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जीआरपी ने सर्कुलेटिंग एरिया से पकड़ी शराब

**ललितपुर।** जीआरपी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान माल गोदाम के पास से महिला को हिरासत में लिया है। पुलिस ने महिला के पास से पीला डिब्बा में रखी शराब बरामद की है। जीआरपी में तैनात उप निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि वह हमराह कां.पंकज कुमार व कां. पूजा दिवाकर के साथ गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान वह रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में पहुंचे, जहां माल गोदाम के पास बने ओवर ब्रिज के नीचे दविश देकर ग्राम मऊ मैनवारा निवासी प्रियंका पत्नी प्रदीप कबूतरा को हिरासत में लिया है। जीआरपी पुलिस ने उसके पास से 10 लीटर अवैध शराब बरामद की है। जीआरपी ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मामला दर्ज किया है।

### घरेलू विवाद में पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ

**ललितपुर।** सदर कोतवाली के ग्राम रोंडा में पति-पत्नी के विवाद में पत्नी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत नाजुक हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पीआरवी 2618 आहत महिला को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां से महिला को झांसी रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पति पत्नी में कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। मामला थाने भी पहुंचा था, जहां आपसी समझौता करा दिया गया था। इसके बाद सोमवार की सुबह फिर से पति पत्नी में विवाद हो गया, जिसके बाद पत्नी ने रोते हुए 112 को लगाया और फिर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। फोन आते ही 2618 पीआरवी लुकेशन पर पहुंची, जहां महिला घर में अकेली थी, घर के बाकी सभी लोग खेत पर गये हुये थे। पीरवी 2618 ने बिना देर किये मानवता दिखाई और महिला को पड़ोसियों की मदद से उसी पीआरवी गाड़ी संख्या 2618 से ललितपुर मेडीकल कालेज लेकर पहुंचे, जहां महिला के परिजन भी पहुंचे। वहीं मेडीकल कालेज में मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत नाजुक देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।

### बाइकों की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4:45 बजे हनुमान गढ़ी मंदिर के पास सौजना-महरौनी रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में चंदू पुत्र दुर्जू अहिरवार (45), निवासी हनुमान गढ़ी मोहल्ला, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक सवार अशोक कुशवाहा (42) निवासी ग्राम दलपतपुर थाना मड़ावरा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए महरौनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से भाई की मौत

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत रहने वाले भागीरथ अहिरवार पुत्र दुरजू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार को शाम करीब साढ़े चार बजे उसका भाई चन्द्रपाल अपने बटाई वाले खेत पर सिंचाई करके घर जा रहा था। तो रास्ते में जाते समय मोटर साइकिल सवार ने आगे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में मरीज को देखने के खुले दरवाजे

# बेहतर मेडिकल सुविधा जनजाति जन जन तक पहुंचाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इस क्रम में प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी जन जागरूकता बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।**



सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। मेले में नागरिकों को अनेक प्रकार की सेवाएं निशुल्क उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण और स्वास्थ्य परामर्श, टीकाकरण संबंधी जानकारी एवं सुविधा आयुष्मान भारत योजना और अन्य सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। डीएम सत्य प्रकाश ने नागरिकों से अपील की कि वह रविवार को अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला जिले में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और रोगों की प्रारंभिक पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है। इस पहल के माध्यम से स्वस्थ समाज और रोगमुक्त जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिले में आयोजित किये गये मेले में मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इन मेले के माध्यम से जनपदवासियों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। मेलों में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिये परामर्श भी दिया जा रहा है। आयोजित किये गये मेले में सर्वाधिक मरीज पी.एच.सी. गदयाना में देखे गये।

---

### जिलाधिकारी के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न

# ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य की प्रगति व सेवा योजन पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति/जिला कार्यकारिणी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार, ललितपुर में किया गया, जिसके अन्तर्गत वर्ष 2025-26 एवं 2024-25 में राजकीय/निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय- ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य की प्रगति एवं सेवायोजन पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष त्वरित कार्यवाही कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति अविलम्ब पूर्ण करें। लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं किये जाने पर लक्ष्य को निरस्त करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों पर संचालित पाठ्यक्रमों का नियमित निरीक्षण/अनुश्रवण किया जाना भी सुनिश्चित करें।

उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कौशल समिति/जिला कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण, राजपाल सिंह, प्रधानाचार्य, राऔप्रसं/जिला समन्वयक, उप्र कौशल विकास मिशन, आरिफ खांन, जिला कौशल प्रबन्धक, उप्र कौशल विकास मिशन, रोहित यादव, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, शाहरूख खांन, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, नितीश कुमार दुबे, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, प्रेमचन्द्र प्रजापति, कार्यालय सहायक, कमलेश सेन, सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधियों इत्यादि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। राजपाल सिंह, प्रधानाचार्य, राऔप्रसं/जिला समन्वयक द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों का बैठक में उपस्थित होने हेतु आभार व्यक्त किया गया।

### सहकारी समिति में आयोजित हुई ग्राम स्तरीय किसान पाठशाला

## किसानों को कृषि विभाग के माध्यम से लाभ पहुंचाने की योजना





**ललितपुर।** कृषि विभाग के तत्वावधान में ललितपुर सहकारी समिति परिसर में ग्राम स्तरीय किसान पाठशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से अवगत कराकर रबी फसलों की उत्पादन क्षमता में बृद्धि करना रहा। किसान पाठशाला में कृषि विभाग से अंकिता नायक ने किसानों को रबी फसलों के फसलवार प्रबंधन, संतुलित पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा उन्नत कृषि संसाधनों के समुचित उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वहीं फसल बीमा योजना के संबंध में विवेक मिश्रा द्वारा किसानों को आवश्यक जानकारी दी गई। इसमें आरबीआई, नाबार्ड, पीएनबी व आरोह फाउंडेशन से एफ.सी. सोहिब खान द्वारा किसानों को विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं एवं योजनाओं से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त पीएनबी आरसेटी से रूपेंद्र श्रीवास्तव द्वारा किसानों को स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। आयोजन में सहकारी समिति सचिव संदीप चौहान एवं रवि नामदेव की सक्रिय भूमिका रही। इस दौरान किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को उपयोगी एवं लाभकारी बताया।

---

### एसडीएम को भेजा ज्ञापन

# मोहल्लेवासी सड़क, बिजली व पानी की समस्या से जूझ रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बीते सात-आठ वर्षों से वार्ड में विकास कार्यों के न होने से परेशान मोहल्लेवासियों ने सोमवार को लामबंद होकर एसडीएम सदर को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि मोहल्लेवासियों ने रामनगर निवासी व्यक्ति से जमीन खरीदी थी, उसके द्वारा जमीन पर आबादी होने के बाद सड़क, बिजली व पानी दिये जाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन विक्रेता द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इस सम्बन्ध में कई बार मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका और विक्रेता से विकास कार्यों को कराने की गुहार लगायी, लेकिन आज तक न तो यहां सड़क डाली गयी और न ही पेयजल की व्यवस्था।

मोहल्लेवासियों ने उप जिलाधिकारी सदर से मामले में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय प्रेमबाई, नरेन्द्र कुमार, अलताफ, ममता, सोनम, गोविन्द, रश्मि, काशीराम, सपना, रामनरेश, कैलाश करौसिया, भोला, जावेद, विकास, शबाना, हिना बानो, आनन्द, हीरालाल, रमेश, रूबी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

### गालियां देकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम दावनी में रहने वाले राकेश कुशवाहा पुत्र हरप्रसाद ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 6 बजे वह अपने घर के दरबाजे पर बैठा था, तभी गांव के श्रीराम उर्फ टन्नु पुत्र प्रभु कुशवाहा आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर श्रीराम ने उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर बचाव करने आये उसके पिता हरप्रसाद, बहन कमलेश के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। यह भी आरोप है कि श्रीराम ने उसकी बहन के हाथ में काट लिया, जिससे उसे घाव हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### तालबेहट के बेटे ने शहर का नाम रोशन किया

# युवा बिलगैयां बन गए भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर



**ललितपुर।** जिले के शहर तालबेहट के लिए शनिवार का दिन गौरवांवित करने वाला रहा, जिसमें जनपद ललितपुर के तालबेहट के बेटे ने फ्लाईंग ऑफिसर बन कर शहर का नाम रोशन किया है। वायु सेना अकादमी हैदराबाद में पासिंग आउट में प्रथम बिलगैयां ने फ्लाईंग ऑफिसर बन कर सफलता अर्जित की और भारतीय वायु सेना में कमीशन प्राप्त किया है। अब यह युवा देश की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाएगा। एक साल तक हैदराबाद में कठिन परिश्रम के बाद इस युवा ने यह मुकाम पाया है और राष्ट्रीय स्तर पर जिला ललितपुर उ.प्र. के तालबेहट की पहचान दिलाई है। तालबेहट में पढ़े लिखे स्व.पुरुषोत्तम नारायण बिलगैयां रिटायर्ड प्रधानाचार्य के पौत्र तथा अर्चना दीपक बिलगैयां के पुत्र हैं। उन्होंने बताया है कि बेटे में शुरू से ही सेना खास तौर से वायु सेना के प्रति आकर्षण था। उनके दादाजी स्व.पुरुषोत्तम नारायण बिलगैयां को पहले से ही पूरी उम्मीद थी, कि हमारा पौत्र भारत माता की सेवा में सदव तत्पर रहना चाहता है। उन्होंने बताया कि आज उनके लिए सबसे बड़ा दिन है, उनका सपना साकार हुआ है। प्रथम के माता पिता बेटे के फ्लाईंग ऑफिसर बनने पर खुद को बहुत गौरवांवित महसूस कर रहे है। उन्होंने बताया कि पुत्र ने कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से यह सफलता अर्जित की है।

---

### एडीओ पंचायत जखौरा को सौंपा ज्ञापन

# सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खंड जखौरा में ग्राम पंचायत अधिकारियों ने प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर पूर्व प्रेषित ज्ञापन 1 दिसम्बर 2025 के क्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों की ऑनलाइन उपस्थित प्रणाली एवं विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभाग के कार्यों के विरोध में चल रहे सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन के बिंदु संख्या 1 से 5 तक के परिपालन में 15 दिसम्बर तक सभी ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों की कोई भी मांग अभी तक पूर्ण न होने के कारण विकास खण्ड जखौरा के सचिवों ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकास खण्ड जखौरा को अपने-अपने डोंगल जमा कर ज्ञापन दिया। इस मौके पर अजय प्रताप सिंह, वीरेन्द्र बरौदिया, प्रकाश वर्मा, कुसुम उपाध्याय, अवधेश प्रताप सिंह, धरमदास सुमन, पूजा यादव, स्वाती सिंह, नेहा शर्मा, हिमांशु कुशवाहा, प्रदीप पंथ, दीपक विश्वकर्मा, अमित कुमार जैन, ब्रह्मकुमार रिछारिया आदि उपस्थित रहे।

---

### प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गई थी

# जखौरा पुलिस ने लोगों के खोए हुए फोन लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पर जनसुनवाई, पोर्टल पर गिरे/ खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी।

थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 3 अदद गिरे हुए/खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक व थाना जखौरा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैस, उ.नि.विवेक धामा, हे.का.प्रेमबाबू, का.मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

---

### जरूरी कागजी औपचारिकताओं को पूरा किया

# टीएससीटी टीम पहुंची मृतक शिक्षामित्र भगवत के घर, सहयोग का दिया भरोसा



**ललितपुर।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की जिला टीम द्वारा 6 फरवरी को कुत्ते के काटने के बाद रेबीज से दिवंगत हुए कंपोजिट नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरौरा के शिक्षामित्र भगवत के चिरौला (सिलावन) ब्लॉक महरौनी स्थित आवास पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने स्व.भगवत के परिजनों से मुलाकात कर असमय आयी इस परिस्थिति पर संवेदना व्यक्त की एवं जरूरी कागजी औपचारिकताओं को पूरा किया। संस्थापक एवं अध्यक्ष टीएससीटी विवेकानंद, महामंत्री सुधेश पांडेय, कोषाध्यक्ष संजीव रजक एवं जिला संयोजक आदर्श रावत ने हर परिस्थिति में सहयोग के लिए परिवार को आश्वस्त किया। परिवार ने स्व.भगवत के कुछ यादगार पल साझा किये, फिर कुछ समय तक माहौल काफी भावुक और गमगीन रहा। इस दौरान जिला संयोजक आदर्श रावत, जिला आईटी सेल प्रभारी धीरज साहू, जिला सहसंयोजक तपेश चौरसिया, अभिषेक अग्रवाल, रामेंद्र यादव, ब्लॉक संरक्षक महरौनी मनीराम मौजूद रहे।


## तीन माह से अवैतनिक रूप से काम कर रहे हैं नगर पालिका के कर्मचारी

# नपा कर्मियों को वेतन के लिए करना पड़ रही है बकाया वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत दिनों सफाई कर्मचारियों द्वारा हड़ताल धरना देने के बाद उन्हें तीन माह के बकाया वेतन से एक माह का देकर संतुष्टि करा ली लेकिन विभागीय कार्य संभाल रहे अन्य कर्मचारियों को एक रुपया भी वेतन के रूप में नहीं दिया गया। इससे रूष्ट कर्मचारियों ने एकत्रित होकर सीएमओ आरआर यादव को ज्ञापन सौंपकर तत्काल तीन माह का बकाया वेतन दिए जाने की मांग की लेकिन सीएमओ ने वेतन के लिए बकाया वसूली करने की शर्त रख दी यानी वेतन चाहिए तो नगर पालिका पर विभिन्न उपभोक्ताओं पर जो कर बकाया है उसे वसूला जाए अब अपना वेतन निकालने के लिए कर्मचारी घर-घर पहुंचकर बकाया वसूली कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि नगरपालिका को 55 स्त्रोतों से करीब 18 करोड़ रुपये साल की आय होती हैं और हर माह चुंगी क्षतिपूर्ति राशि के रूप में हर माह 72 लाख रुपए प्राप्त हो कुछ महीनों से वसूली नही आने से नगर पालिका का खजाना खाली हो गया है। खाली खजाने को भरने के लिए इन दिनों नगरपालिका के कर्मचारी किसी भी घर के आगे रजिस्टर लेकर खड़े दिख जाएंगे। यह कर्मचारी लोगों से उनके घरों में लगे नलों का बकाया जलकर वसूली एवं भवन टैक्स और समेकेतिक कर वसूल करने पहुंच रहे हैं। नलों का किराया प्रति कनेक्शन 60 और 80 रुपये, दुकान का किराया प्रति दुकान 01 हजार रुपये, समेकेतिक कर प्रति घर 75 रुपये सालाना एवं वर्गफीट के हिसाब से हाउसटैक्स वसूला जा रहा हैं। नगरपालिका को मिलने वाला यह टैक्स वैसे तो लंबे समय से बकाया हैं।




### नाम मात्र का किराया वो भी नहीं कर रहे जमा

शहर में नगरपालिका की 6 सैंकड़ा से अधिक दुकानें संचालित हैं। उक्त दुकानों से अभी तक नगरपालिका महज़ 300 रुपये से 500 रुपये तक किराया वसूलती रही लेकिन इसी साल किराया बढ़ाकर 1000 रुपए कर दिया है जबकि बाजार में निजी दुकानों का किराया भी 4 से 5 हज़ार रुपए है। नपा का नाम मात्र का किराया भी दुकानदार समय पर जमा नहीं कर रहे हैं। का दुकानदार तो इसे हैं जिन्होंने अपने नाम से आवंटित इन दुकानों का किराया भी वह दूसरे किरायदार रखकर चार पांच गुना वसूल रहे हैं। बाजार में जहां नगरपालिका की दुकानें हैं वहां पर नपा कर्मियों को वसूली के लिए दुकानदार की मान मुनव्वल करते आसानी से देखा जा सकता है।

### सफाई कर्मियों को वेतन मिला, विभागियों को नहीं

विगत दिनों नगर पालिका के बाहर सड़क पर धरना देने के बाद सीएमओ आरआर यादव ने सफाई कर्मचारियों को तो दूसरी मद से उन्हें वेतन दिल दिया था लेकिन अन्य कर्मचारियों को नहीं दिया गया। अन्य कर्मचारियों को भी विगत तीन माह से वेतन नहीं मिला है जिसके चलते उन्होंने भी सीएमओ को आवेदन देते हुए तत्काल वेतन जारी करने की मांग की थी कर्मचारियों ने सभी कर्मचारियों को एक समान मानकर वेतन दिए जाने की मांग करते हुए परामर्श दिया था कि जिस तरह दूसरी मद से सफाई कर्मचारियों को वेतन दिया गया है उसी तरह उन्हें भी दिया जाए और जब चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि आ जाए तो उस राशि से समायोजित कर ली जाए लेकिन सीईओ ने वेतन के बदले बकाया राशि वसूली की शर्त लगा दी।

### बकाया वसूली कराई जा रही...

चुंगी क्षतिपूर्ति राशि जो हर माह 72 लाख रुपए मिलती है वह विगत 1 साल से कम मिल रही है और इस माह तो सिर्फ आठ लाख रुपए ही मिले हैं। जिससे वेतन में दिक्कत आ रही है। चुंगी क्षतिपूर्ति राशि कम क्यों आ रही है इस संबंध में शासन को पत्र लिखा जा रहा है साथ ही कर्मचारियों से बकाया वसूली कराई जा रही हैं ताकि नगर पालिका कर्मचारियों को वेतन मिल सकें।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

## गोठरा के किसान ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर से की शिकायत

# साहब! पटवारी को रिश्वत नहीं दी तो घटाकर मिली मुआवजा राशि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जनसुनवाई में कलेक्टर अर्पित वर्मा को ऐसी अजीबो गरीब शिकायत मिली,जिसे सुनकर कलेक्टर खुद भौंचक रह गए। दरअसल मंगलवार को जनसुनवाई में आए एक किसान ने कलेक्टर को बताया कि उसे फसल क्षतिपूर्ति राशि दिलाने के एवज में पटवारी ने पांच हजार रुपए रिश्वत मांगी थी रिश्वत नहीं देने पर उसे सिर्फ 5444 रुपए ही मुआवजा दिया गया जबकि उसके भाई जिसने पटवारी को रिश्वत दे दी उसके खाते में 16 हजार रुपए डाले गए।

ग्राम गोठरा से जनसुनवाई में पहुंचे रामचरण काली पुत्र बालाराम ने कलेक्टर को बताया कि उसकी भूमि सर्वे क्रमांक 30, 32, 35, 38, 121, 122, 123, 129 समान भाग पर राजस्व अभिलेख में अंकित हैं जिसमें धान की फसल थी मुझसे मुआवजा राशि डालने के एवज में हल्का पटवारी ने 5 हजार रूपए की मांग की थी। मैने नहीं दिए तो मेरे खाते में सिर्फ 5444 रुपए ही डाले गए। जबकि मेरे भाई को 5 बीघा भूमि पर पटवारी ने 16.000/- रू. सौलह हजार रूपये डाले हैं। हम दोनों भाइयों के खेत पास पास हैं। कलेक्टर ने पहले तो यह सोचकर कि इस तरह की शिकायत आती ही रहती है लेकिन जब फरियादी ने बताया कि उसके भाई को उसे तीन गुना अधिक पैसा मिला है तो कलेक्टर ने इसकी जांच तहसीलदार को करने के निर्देश दिए कैसे एक ही रकबे में मुआवजा में जमीन आसमान का अंतर हो सकता है।

### पंसारी बाई को मौके पर ही दिया पेंशन स्वीकृति आदेश

कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कलारना निवासी पंसारी बाई को सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से मौके पर ही कल्याणी पेंशन स्वीकृत करने की कार्यवाही करते हुए पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। इसके साथही ग्राम सौभागपुरा निवासी दिव्यांग महिला को सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से ट्राईसिकल प्रदान की गई,

### श्रवण बाधित बच्चे का होगा कॉक्लीयर इम्प्लांट,5 को उपचार के लिए राशि

जनसुनवाई में कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा 158 लोगों की शिकायत सुनी गई। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा श्रवण बाधित दो वर्षीय बालिका जुबेरा बानो पुत्री जाकिर खान निवासी गांधीनगर श्योपुर के कॉक्लीयर इंप्लाट हेतु साढे छः लाख रूपये की राशि का स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया, आरबीएसके अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना में बालिका के निशुल्क ऑपरेशन हेतु साढे छः लाख रूपये की राशि ग्वालियर अग्रवाल हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च इंस्टट्यूट को उपलब्ध कराई गई है, कॉक्लीयर इंप्लाट के बाद बालिका सुनने में सक्षम हो सकेगी। उक्त बालिका के उपचार हेतु मार्गव्यय के लिए सौरभ बाथम द्वारा स्वप्रेरणा से साढे तीन हजार रूपये की सहायता राशि भी नकद प्रदान की गई। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान 5 लोगों को उपचार के लिए 27 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। विंतोष बाई निवासी माकडौद को अपने पुत्र रूप सिंह के उपचार हेतु 5 हजार रूपये, गांधीनगर निवासी जितेन्द्र बैरवा को अपने पुत्र आयुष के दिल्ली एम्स में आंखो के उपचार हेतु जाने के लिए मार्गव्यय के रूप में 10 हजार रूपये तथा ग्राम चरोद निवासी लौटंती मीणा को बीकानेर में चल रहे उपचार हेतु मार्गव्यय के लिए 2 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार ग्राम ढोढर निवासी नरेश कुमार सेन को त्वचा से संबंधित बीमारी के लिए 5 हजार रूपये एवं ग्राम जैदा निवासी जितेन्द्र बैरवा को पुत्र सौरभ बैरवा के उपचार के लिए मार्गव्यय के रूप में 5 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई।

## मंदिर देव स्थानों की समस्याओं का पुजारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिले के विभिन्न मंदिरों व देव स्थानों का संरक्षण और पूजन कर रहे पुजारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपनी मांगों के समर्थन में डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि 2021 में आई बाढ़ के समय के मंदिर जीर्णोद्धार के प्राक्कलन काफी समय से लंबित पड़े हैं। उक्त मंदिरों जीर्णशीर्ण हालत को देखते हुए तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाए।

सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि हाल ही में बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजा मंदिरों की जमीनों को वंचित रखा जा रहा है इस पर संज्ञान लेते हुए मंदिरों की जमीन के साथ भेदभाव दूर किया जाकर मंदिरों की भूमि पर खराब हुई फसलों का मुआवजा दिया जाए। शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत के मंदिरों में सन 2018 तक के पुजारियों की नियुक्ति ग्राम पंचायत के माध्यम से होती थी और कई वर्षों से माफी भी लेते आ रहे हैं पर अब तहसीलदार ग्राम पंचायत की नियुक्ति मान्य नहीं कर रहे हैं। जिससे 2018 में नियुक्त हुए पुजारियों को विगत दो साल मानदेय से नहीं मिल रहा है, इस विसंगति को दूर किया जाए। एसडीएम श्योपुर कार्यालय में पुजारी नियुक्ति/नामांतरण की कई फाइलें लंबित हैं जिनका त्वरित निराकरण कराया जावे।

पुराने प्राचीन मंदिर जिनकी पुजारी द्वारा विधिवत पूजा की जा रही है और उन्हें पूर्व से माफी भी मिल रही थी, जो कि अब बंद करदी गयी है। उन पुजारियों की पटवारी पुजारी समिति द्वारा सर्वे कराकर उनको पुजारी नियुक्त कर माफी शुरु की जावे। ज्ञापन लेने के बाद डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने पुजारियों को कलेक्टर अर्पित वर्मा के पास भेज दिया जहां उन्होंने इस विषय पर चर्चा कर उचित निराकरण करने का भरोसा दिलाया।

## मलपुरा स्कूल में लगा स्वास्थ्य शिविर बच्चों को किया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के नजदीकी गांव मलपुरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर के दौरान स्कूली बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, हीमोग्लोबिन की जांच, ऊंचाई, वजन एवं सामान्य शारीरिक स्थिति की जांच की गई।

स्वास्थ्य परीक्षण के साथही स्कूली बच्चों को राष्ट्रीय किशोर स्वस्थ्य कार्यक्रम, स्वच्छता, पोषण एवं स्वयं की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को अच्छे-बुरे स्पर्श की पहचान तथा उससे स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीकों के बारे में समझाया गया।इसके साथ ही बच्चों में एनीमिया की रोकथाम के उद्देश्य से आयरन की गोलियां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर डॉ. सी.पी. शर्मा, आरकेएसके काउंसलर विप्लव शर्मा एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## गुरनावदा कुटिया पर 12 को होगा हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बगडुआ मंडल का हिंदू सम्मेलन में आगामी 12 जनवरी को गुरनावदा कुटिया पर आयोजित किया जाएगा। जिसका भूमि पूजन 21 दिसंबर रविवार को दोपहर तीन बजे किया जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को देवरी हनुमान मंदिर पर आयोजित हुई हिंदू सम्मेलन समिति की बैठक में लिया गया। इसके साथही हिंदू सम्मेलन समिति का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से गठित हिंदू सम्मेलन समिति का संयोजक पूर्व सरपंच भीम सिंह चौधरी ददूनी को बनाया गया है। जबकि सह संयोजक सरपंच रामस्वरूप रावत, कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह जाट, सह कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र मीणा, सचिव विष्णु शर्मा गुरनावदा, सह सचिव महावीर शर्मा, रामनरेश मीणा को मनाया गया है। सदस्य के रूप में जसवन्त, रोहित मेहरा, महेंद्र कौशल, सोनू, विष्णु, लज्जाराम, अजय, सुरेश, राम सिंह जाट, रोहित मेहरा को समिति शामिल किया गया है।

## रेडक्रॉस पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा समिति नियम 2017 के प्रावधान अंतर्गत जिला रेडक्रॉस शाखा के पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए डिप्टी कलेक्टर बीएस श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पटवारी पुरूषोत्तम राठौर को सहायक बनाया गया है। रेडक्रॉस शाखा के पदाधिकारियों का निर्वाचन 19 दिसंबर को होगा।

## प्रेमसर में आयोजित बैठक में लिया निर्णय, 108 नए सदस्यों को दिलाई सदस्यता

# गोशालाओं को निःशुल्क भूसा उपलब्ध कराएगी मंत्र लेखन समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ओम नमःशिवाय और रामनाम मंत्र लेखन समिति जिला श्योपुर अब गौ माताओ के संरक्षण के लिए भी काम करेगी। इसके लिए समिति जिले में संचालित गौशालाओं को निःशुल्क भूसा उपलब्ध कराएगी। इसका निर्णय मंगलवार को ग्राम प्रेमसर में आयोजित मंत्र लेखन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। इसके साथही मंत्र लेखन समिति ने उपस्थिति लोगो से अधिक से अधिक राम नाम और ओम नमःशिवाय मंत्र लेखन करने का आग्रह किया और 108 लोगो को समिति की सदस्यता ग्रहण भी करवाई।

बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भैरूलाल मीणा के द्वारा की गई है।समिति के कोषाध्यक्ष रामसिंह मीणा मेवाडा ने बताया कि गौ माताओ में 33 करोड देवी देवताओ का वास है और प्रत्येक हिंदू परिवार के लिए गौमाता पूज्यनीय है। लेकिन वर्तमान में बडी संख्या में गौमाता निराश्रित घूम रही है। इसलिए समिति ने गौ माताओ का संरक्षण किए जाने की दिशा में कदम उठाए जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान समिति जिले में संचालित सभी गौशालाओ में पहुंचेगी और गौशाला संचालन समिति के लोगो से चर्चा करते हुए उनसे गौशाला में रहने वाली गौ माताओ को अच्छे से रखने का आग्रह करेगी,इसके साथही गौशालाओ को समिति निःशुल्क भूसा उपलब्ध कराएगी। बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कविता मीणा, मलखान मीणा,सुरेश मीणा, मंसाराम, शंकर लाल,पप्पू लाल, रामस्वरूप सहित बडी संख्या में समिति सदस्य मौजूद थे।



### समिति को एक लाख रुपए का दिया सहयोग

कोषाध्यक्ष रामसिंह मीणा ने बताया कि समिति की बैठक में समिति सदस्य भारत सिंह सिकरवार के द्वारा मंत्र लेखन समिति को अपनी ओर से एक लाख रूपए का आर्थिक सहयोग दिए जाने की घोषणा की गई। इसके साथ ही अन्य समिति सदस्यों के द्वारा इस तरह अपनी क्षमताओं के अनुसार आर्थिक सहयोग दिए जाने की बात भी कही,ताकि गौ माता संरक्षण के लिए कदम और प्रभावी तरीके से उठाए जा सके।

## मामला सोंईकलां से नागरगांवडा तक बनी सडक के हो रहे मेंटीनेंस का

# सड़क के मेंटेंनेंस में लीलापोती का आरोप ग्रामीण बोले-15 दिन में ही उखड़ जाएगी रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग इन दिनों सोंईकलां से नागरगांवडा तक बनी सडक की मरम्मत करा रहा है। लेकिन इस मरम्मत कार्य को घटिया बताते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सडक की मरम्मत इस तरह होगी तो यह सिर्फ 15 दिन के भीतर उखडकर फिर से गड्ढो में तब्दील हो जाएगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले में सुधार की मांग की है। उधर प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के अधिकारी इस मामले में मौन साधे हुए है।

श्योपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सोंईकलां से नागरगांवडा तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के तहत डामरीकृत सडक बनाई गई है। करीब 8 किलोमीटर लंबी यह सडक इन दिनों गड्ढो में तब्दील हो गई है। जिसकारण इस सडक से वाहनों का गुजरना काफी कष्टदायिक साबित हो रहा है। सडक की जर्जर स्थिति को सुधारने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के द्वारा इस सडक की मरम्मत कराई जा रही है। सडक की मरम्मत का काम नागरगांवडा गांव की तरफ से शुरू किया गया है। लेकिन नागरगांवडा के ग्रामीणों ने सडक के मरम्मत के कार्य को घटिया बताते हुए इस सडक के जल्दी उखड जाने का अंदेशा जाहिर किया है।



### ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत कार्य पर उठाए सवाल

ग्राम नागरगांवडा के जितेन्द्र सिंह मीणा,राम सिंह मीणा सहित अन्य कई ग्रामीणों ने इस सडक मरम्मत कार्य पर सवाल उठाते हुए इस कार्य को बेहद घटिया बताया है। इन ग्रामीणों ने सडक मरम्मत के कार्य की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए बताया है कि सडक की मरम्मत का काम काफी घटिया किया जा रहा है। हालांकि कहा तो यह जा रहा है कि चार इंची मोटी डामर सडक पर बिछाई जा रही है,मगर सडक पर डाली गई डामर आधा इंची के करीब ही है। सीधे मिट्टी पर डामर बिछाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे सडक मरम्मत कार्य का कोई मतलब भी नहीं है,क्योंकि 15 दिन के बाद भी फिर से यह सडक गड्ढो में बदल जाएगी।

### इधर अवैध मिट्टी का उठाव कर रहे डंपर सडक को कर रहे क्षतिग्रस्त

शहर के चुंगीनाका से आवदा अजापुरा रोड तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के तहत बनी सडक भी अवैध रूप से मिट्टी उठाव कर ले जा रहे डंपरों के कारण क्षतिग्रस्त होती जा रही है। लेकिन इसके बाद भी विभागीय अफसरों का कोई ध्यान नहीं है। ग्रामीणों ने इस सडक की जर्जर होती स्थित का वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर डाला है। जिसमें ग्रामीण बता रहे है कि किस तरह रात के अंधेरे में दौड रहे मिट्टी से भरे डंपर इस सडक को गड्ढो में बदल रहे है। इस मामले में जिम्मेदारों ने जल्द की कोई ध्यान नहीं दिया तो यह सडक भी पूरी उखड जाएगी और बारिश के दिनो में ग्रामीणों को परेशानी भोगनी पडेगी।

### जीएम ने नहीं उठाया फोन कलेक्टर बोले जांच करवाएंगे

इस मामले में प्रधानमंत्री सडक योजना विभाग श्योपुर के महाप्रबंधक सतेन्द्र सिंह का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर कॉल किया,मगर उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया है। जबकि कलेक्टर अर्पित वर्मा का कहना है कि यदि सडक की मरम्मत का काम निर्धारित मापदंड के अनुसार नहीं किया जा रहा है तो इसकी जांच करवाते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# विवाद के बाद निर्माणाधीन जय स्तंभ को फिर तोड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सांसद निधि से निर्माणाधीन जय स्तंभ को विवाद के बाद मंगलवार को फिर ठेकेदार ने दूसरे स्थान पर बनाना शुरू कर दिया है। दरअसल एक दिन पहले नियत स्थान पर यह स्तंभ का फाउंडेशन भर देने के बाद एक स्थानीय दुकानदार की आपत्ति के बाद मंगलवार को ठेकेदार ने जय स्तंभ के फाउंडेशन को तोड़कर उसे पाली रोड की ओर सरकाकर निर्माण करना शुरू कर दिया। जिससे पहले से संकरा हो रही पाली रोड का ओर अधिक संकुचित होना तय है जिसके कारण जाम की स्थिति से गुजर रहे इस हृदय स्थल पर ट्रैफिक ओर अधिक बाधित होगा।

वीर सैनिकों की बहादुरी का प्रतीक पुराने जय स्तंभ को तोड़कर उसके स्थान पर नया स्तंभ लगाए जाने की प्रक्रिया विगत एक सप्ताह पूर्व शुरू हुई थी इसके बाद विवाद तब हो गया जब ठेकेदार ने स्तंभ के बेस में सुखी गिट्टी डाल दी थी तब कांग्रेस पार्षद सलाउद्दीन और भाजपा नेता गिर्राज जाट ने इसका विरोध किया तब स्तंभ को जमीन के नीचे से ही सीमेंट कंक्रीट वर्क कर पक्का किया गया। फाउंडेशन निर्माण के बाद विरोध तब दोबारा आ गया जब एक स्थानीय दुकानदार ने जय स्तंभ को शिवपुरी रोड पर अधिक लाने की बात कहते हुए उसे पाली रोड की ओर सरकाकर बनाने की बात कहते हुए ठेकेदार से उलझ गया और ठेकेदार को काम बंद करना पड़ा। हालांकि ठेकेदार ने भी बहुत बहस की और किसी भी सूरत में पाली रोड को सकरा करने पर तैयार नहीं हुआ था लेकिन मंगलवार को अचानक ठेकेदार ने अपनी जेसीबी लाकर उक्त स्थल से करीब दो ढाई फीट दूर से पाली रोड पर गड्ढे करना शुरू कर दिया। लोगों का कहना है कि ऐसी स्थिति में जब जय स्तंभ बनेगा तो शिवपुरी रोड पर जाम की स्थिति और अधिक निर्मित होगी।

# करंट से झुलसा किसान, बिजली कर्मी पर दर्ज हुई एफआईआर

श्योपुर। परमिट के बाद भी बिजली लाइन में करंट आने से एक किसान झुलस गया। इलाज के दौरान उसका बाया हाथ कंधे से काटना पडा। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने परमिट देने वाले सोंई फीडर के संबंधित बिजलीकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मानपुर टीआई पप्पू सिंह यादव ने बताया कि 5 नवंबर को तुलसीराम बंजारा निवासी सौभाग्यपुरा ने अपने खेत में खडी धान की फसल को कम्पाइन से कटवाने के लिए खेत के ऊपर से गुजरी 11 केव्ही बिजली लाइन को तीन घंटे के लिए बंद कराने का परमिट लिया था। परमिट लेने के बाद तुलसीराम ने बिजल लाइन के तारो को लकडी से ऊपर उठा दिया,ताकि कम्पाइशन धान की फसल को काट सके,मगर इसी दौरान अचानक बिजली सप्लाई चालू हो गई। जिससे तुलसीराम को करंट लग गया,करंट से तुलसीराम का बाया हाथ,पैर आदि झुलस गए। इलाज के दौरान तुलसीराम का डॉक्टरो के द्वारा ऑपरेशन कर बायां हाथ कंधे से काटना पडा। इलाज के बाद लौटे तुलसीराम ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में जांच के बाद परमिट देने वाले सोंई बिजली फीडर के बिजलीकर्मी कृष्ण कुमार पनिका के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के अजाक थाना क्षेत्र के अंतर्गत महेश अहिरवार निवासी ग्राम सहसूदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेन्द्र, जीतेश, मनोज यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अर्रोन निवासी नौला बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पुत्र भूरा बंजारा ने उसकी डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढेकन निवासी सुल्तान खंगार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा और उसके पिता गजभान खंगार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजा खंगार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुल्तान, राहुल, और शैलेन्द्र खंगार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नादनखेडी निवासी कैलाश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अवधनारायण यादव और सुषमा बाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है जिले की ईसागढ थाने की पुलिस ने ग्राम गहोरा निवासी अमृतलाल लोधी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने ही ग्राम कोहरवास निवास जयपाल राय से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने भुजवल लोधी निवासी ग्राम पारकना के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### सुरक्षा जवान हेतु भर्ती शिविरों का आयोजन

**अशोकनगर।** एसआईएस इण्डिया लिमिटेड कमाण्डेट ट्रेनिंग सेण्टर सिंगरौली द्वारा सुरक्षा जवानों की भर्ती हेतु भर्ती शिविरों का आयोजन थाना स्तर पर किया गया है। यह शिविर 20 दिसम्बर को थाना परिसर शाढौरा ,21 एवं 22 दिसम्बर को थाना परिसर कचनार, 23 दिसम्बर को थाना परिसर चंदेरी, 24 दिसम्बर को थाना परिसर मुंगावली, 25 दिसम्बर को थाना परिसर नईसराय, 27 दिसम्बर को थाना परिसर पिपरई, 28 दिसम्बर को थाना परिसर बहादुरपुर, 29 दिसम्बर को देहात थाना अशोकनगर, 30 दिसम्बर को थाना परिसर सेहराई, 31 दिसम्बर को थाना परिसर कदवाया,02 जनवरी 2026 को कोतवाली अशोकनगर परिसर, 03 जनवरी 2026 को चैकी राजपुर परिसर,07 जनवरी 2026 को चैकी भादौन परिसर तथा 08 जनवरी 2026 को सारसखेड़ी चैकी परिसर में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, आयोजन स्थल की भक्तों ने की 7 परिक्रमा

# मोक्ष कल्याणक की प्राप्ति व विश्व शांति महायज्ञ के साथ भव्य गजरथ महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





पंच कल्याणक प्रतिष्ठा के अंतिम दिन भगवान को मोक्ष की प्राप्ति होने के बाद विश्व शांति महायज्ञ और गजरथ महोत्सव का आयोजन राष्ट्र संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित किया गया। मोक्ष कल्याणक दिवस खुशियों के साथ मनाया गया, इस मौके पर विश्व शांति की कामना को लेकर महायज्ञ किया गया। दोपहर 1 बजे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए बनाई गई अयोध्या नगरी से गजरथ महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मोक्ष प्राप्ति के बाद भगवान गजरथ पर सवार होकर निकले, इस गजरथ की फेरी में मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ससंघ शामिल हुए कलेक्टर आदित्य सिंह और एसपी राजीव कुमार मिश्रा भी इस गजरथ की फेरी में परिक्रमा लगाते हुए देखे गए।

#### मोक्ष कल्याणक पर अर्ग समर्पित हुए, महायज्ञ का आयोजन हुआ

पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में और प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया और सहयोगी मुकेश भैया के निर्देशन में यह सम्पूर्ण आयोजन हुआ। भगवान के पांच कल्याणक के अंतिम दिन भगवान को मोक्ष की प्राप्ति का दिवस था जिसे मोक्ष कल्याणक के रूप में मनाया गया। प्रतिदिन के होने वाले कार्यक्रमों के साथ मोक्ष कल्याणक दिवस की पूजा की गई, अर्ग समर्पित किए गए और विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। यहां मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन हुआ, इसी के साथ पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन हो गया है। यह महोत्सव अशोकनगर शहर के लिए अब तक सभी धार्मिक पर्वों में सबसे बड़ा आयोजन था। जो 9 दिसंबर से लगातार 15 दिसंबर तक चला।

#### जैन धर्म में मोक्ष आत्मा का परम लक्ष्य

जैन धर्म मे मोक्ष आत्मा का परम लक्ष्य है, जिसका अर्थ है सभी भौतिक कर्मों से पूरी तरह मुक्त हो जाना और जन्म मरण के चक्र से सदा के लिए निकल जाना। जिससे आत्मा अपने शुद्ध और शक्तिशाली स्वरूप मे सिद्ध शिला पर विराजमान हो जाती है जो कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र के द्वारा प्राप्त होता है। मोक्ष आत्मा की वह अवस्था है जब वह सभी 8 प्रकार के कर्मों से मुक्त हो जाती है। मोक्ष प्राप्ति के बाद जीव फिर कभी जन्म नहीं लेता, मोक्ष के लिए सच्ची श्रद्धा, सच्चा ज्ञान और सच्चा आचरण हमें सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरिच से प्राप्त होता है। मोक्ष कल्याणक दिवस पर सम्पूर्ण क्रियाएं आयोजित हुईं। मुनिश्री की मंगल देशना के माध्यम से मोक्ष कल्याणक का महत्व बताया गया।





#### गजरथ की फेरी आर्कषण का केन्द्र रही

दोपहर 1 बजे पंच कल्याणक के सबसे विशेष दिन कहे जाने वाले गजरथ महोत्सव के मौके पर अशोकनगर के साथ पड़ौसी गुना, शिवपुरी, विदिशा और सागर जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और इस आयोजन में हाथी पर विराजमान होकर श्रीजी निकले, इस रथ को दो हाथी खींच रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से इन हाथियों को जंजीरों से बांधकर निकाला गया। इस गजरथ के फेरी में एक चांदी के रथ में भी श्रीजी निकले। एक आर्टिफिशयल रथ भी आर्कषण का केन्द्र था तथा एक रथ में भी पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों को बैठने का अवसर मिला। मुनिश्री सुधासागर जी महाराज इस गजरथ में सबसे आगे चल रहे थे उनके साथ कलेक्टर आदित्य सिंह, एसपी राजीवकुंमार मिश्रा,जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल, मंत्री विजय धुर्रा, पूर्व अध्यक्ष रमेश चैधरी सहित अनेक जन शामिल थे। एक तरफ पुरूष वर्ग तो दूसरी ओर महिला वर्ग चल रहा था। 7 बैण्ड इस गजरथ की फेरी के आर्कषण के केन्द्र थे, इस दौरान महिलाएं और पुरूष इस चल समारोह मे नांचते गाते हुए देखे गए। जैनेश्वरी दीक्षा के बाद ऐलक संघ भी

#### आज से प्रतिमाएं जिन मंदिरों में होंगी विराजमान

शहर के सुभाषगंज, पुराना गांव जैन मंदिर, त्रिकाल चैबीसी मंदिर और पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान होने वाली प्रतिमाओं की पंच कल्याणक में प्रतिष्ठा होने के बाद अब उन्हें मंदिरों में विराजमान किया जाएगा। जो बाहर से प्रतिमाएं प्रतिष्ठित होने के लिए आईं थीं।

### गर्भवती महिलाओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**अशोकनगर।** संचालनालय आयुष भोपाल मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में सोमवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष शाढौरा द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र बनिया कुआं शाढौरा पर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें उन्हें आहार पोषण परामर्श एवं गर्भावस्था में होने वाले योगाभ्यास की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ दीपाली चैधरी सीएमओ, श्रीमती प्रभा कुशवाह महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ओमवती बुनकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं रानी माथुर आंगनवाड़ी सहायिका उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम जन स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत सुप्रजा कार्यक्रम के तहत किया गया।

### एडवोकेट अनिल अग्रवाल पर हमला



**अशोकनगर।** एडवोकेट अनिल अग्रवाल पर उस समय हमला किया गया जब वह सिविल न्यायालय से अपना कार्य पूरा कर घर वापिस जा रहे थे तभी उन पर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलाते समय हमला किया गया। जिससे उनको गंभीर चोटें आई है उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनिल अग्रवाल ने बताया कि 4 से 5 लोग आए थे उनके हाथ मे लकडी के बेटें थे एक को वह पहचानते हैं जिसका नाम प्रदीप है उस पर पूर्व से मामले चल रहे हैं। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने बताया कि 4 से 5 लोगों द्वारा उन पर हमला किया गया है। उनको कई जगह चोटे आई हैं। जिला अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। टीआई रविप्रताप सिंह चैहान ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों द्वारा यह हमला किया गया है जिसमें एक प्रदीप का नाम भी शामिल है मामला दर्ज कर लिया गया है।

पत्रकार सौरभ भार्गव की दादी थी राजकुमारी भार्गव

## विधायक लोधी ने करैरा में पूर्व नप अध्यक्ष राजकुमारी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



बीती रात्री पिछोर विधायक प्रीतम लोधी ने करैरा पहुंचकर पूर्व शाखा प्रबंधक भूमि विकाश बैंक के मैनेजर सुभाष भार्गव की माँ एवं पत्रकार सौरभ भार्गव की दादी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजकुमारी भार्गव को श्रद्धासुमन अर्पित किए। राजकुमारी भार्गव का निधन 5 दिसंबर को हो गया था और वे 103 वर्ष की दीर्घायु जीने वाली सम्मानित व्यक्तित्व थीं। विधायक ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर परिवारजनों से मिलकर गहरा शोक व्यक्त किया तथा फूलमाला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रीतम लोधी ने कहा कि वर्तमान समय में 103 वर्ष की आयु प्राप्त करना अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में इतनी लंबी उम्र जीना दुर्लभ हो गया है। उन्होंने पिछोर विधानसभा का उदाहरण देते हुए बताया कि यहां पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण गुप्ता नन्नाजू भी शतायु थे जो क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत रहे। विधायक ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया और कहा कि राजकुमारी भार्गव का योगदान स्थानीय स्तर पर हमेशा याद किया जाएगा क्योंकि उस समय उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष के रूप में क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी जो दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रही थी। उपस्थित जनों में व्यापारी वर्ग से लेकर आम नागरिक तक शामिल थे जबकि कई जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इनमें वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अधिमान्य पत्रकार प्रमोद जैन ,जितेंद्र यादव टोडा सरपंच ,आशीष गेड़ा पार्षद ,राहुल गुप्ता ,राहुल नीखरा,प्रवीण श्रीवास्तव ,पंकज श्रीवास्तव ,संतोष राय आजाद लोधी बेसोरा ,शशिकांत विश्वकर्मा,गोलू राय, साहब सिंह यादव ,शिवम गोलू गुप्ता , अंशु गुप्ता ,सतीश वर्मा तथा प्रशांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## गर्ल्स कॉलेज में इंटरव्यूह स्किल एंड पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

**प्रशिक्षण छात्राओं में आत्म विश्वास बढ़ाएगा : डॉ रश्मि जैन**

गर्ल्स कॉलेज में उन्नति फाउंडेशन बैंगलुरु और उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन के मध्य हुए करार के अंतर्गत इंटरव्यूह स्किल एंड पर्सनालिटी डेवलपमेंट निशुल्क 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने किया। उन्होंने कहा वर्तमान समय में प्रत्येक सेवा क्षेत्र में चयन हेतु इंटरव्यूह प्रक्रिया का सामना प्रतिभागी को आवश्यक है। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को इंटरव्यू स्किल हेतु तैयारी की योजना है। कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रश्मि जैन ने कहा यह प्रशिक्षण छात्राओं में आत्म विश्वास बढ़ाएगा एवं इंटरव्यू के क्षेत्र में अपना कुशल प्रदर्शन करने में सहायक सिद्ध होगा। जानकारी की प्रस्तुति भी विशेष कला है। प्रशिक्षण द्वारा इस कला में निखार आएगा। उन्नति फाउंडेशन बैंगलोर के प्रशिक्षक अंशुल बबेले उपस्थित रहे। उन्होंने कहा छात्रों को इंटरव्यू स्किल लाइफ स्किल और पर्सनालिटी डेवलपमेंट का प्रशिक्षण जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होगा। प्रशिक्षित छात्राओं की अलग पहचान बनेगी। छात्राओं को सेल्फ इंट्रोडक्शन रिज्यूम राइटिंग ईमेल संचार कम्युनिकेशन स्किल गोल सेटिंग पब्लिक स्पीकिंग डेली रूटीन टाइम मैनेजमेंट पॉजिटिव पर्सनैलिटी वीडियो एवं टेलिफोनिक इंटरव्यू स्ट्रेन्थ एंड वीकनेस मॉक इंटरव्यू आदि विषयों पर प्रतिदिन प्रशिक्षण कराया जाएगा। छात्राओं को व्यावहारिक प्रयोग द्वारा भी विषयों को समझाया जाएगा। छात्राओं का पंजीयन कार्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार आरती ठाकुर वाणिज्य विभाग ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी का पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ उमा लवानिया, प्रकाश चंद, डॉ दिनेश राय, डॉ विशाल मिश्रा, डॉ आशीष गुप्ता, नवीन नामदेव, राजीव लोधी, अरुण उपाध्याय, नीता नामदेव, मनीता राजपूत, कीर्ति ठाकुर आदि मौजूद थे।

## विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों का क्रियान्वयन समय पर करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का जिला स्तर पर क्रियान्वयन समय पर किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा समय-समय पर विभागों को विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन निर्देश प्रसारित किए जाने हैं। प्राप्त निर्देशों के तहत संबंधित विभागों द्वारा कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। जिले के विकास की कड़ी को दृष्टिगत रखते हुये कार्य कराए जाएं। आमजन को स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास,किसान कल्याण, मत्स्य पालन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं के माध्यम से लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्युत ट्रांस्फार्मरों के रख-रखाव तथा समय पर निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए जिससे किसी अनहोनी घटना से बचा जा सके। उन्होंने सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुये निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी शिकयतों का निराकरण प्राथमिकता से कराकर ग्रेडिंग में सुधार लाएं। समाधान ऑनलाइन से संबंधित विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाकर निराकरण की कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गौशालाओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कराई जाएं। छात्रावासों का निरीक्षण उपरांत अधिकारी निरीक्षण प्रतिवेन समय पर भेजना सुनिश्चित करें। साथ ही विभागीय निरीक्षण के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जाए। विभागों में परमार्शदात्री समितियों की नियमित रूप से बैठकों का आयोजन कर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाए। समग्र ई.के.वाय.सी कराए जाने हेतु शिविरों का आयोजन कर पात्र लोगों को लाभ दिलाया जाए। उन्होंने पी.एम. पोषण आहार की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उमंग स्वास्थ केन्द्र,साथिया कार्यक्रम, राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह, उच्च शिक्षा विभाग में जिला टास्क फोर्स समिति के गठन एवं दिशा निर्देशों का परिपालन,निर्माण कार्यों में संलग्न श्रमिकों के श्रमकार्ड विभागों द्वारा बनवाए जाने के संबंध में विस्तार से समीक्षा का विस्तृत निर्देश दिए गए। बैठक में 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अंतर्गत ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय स्तर पर शिविरों के आयोजन तथा जिला स्तर पर 23 दिसम्बर को कार्यशाला आयोजित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह संयुक्त कलेक्टर आर.बी. आदि रहे मौजूद।

## माता-पिता, गुरु व देवी-देवता का आशीर्वाद हमेशा फलीभूत होता है

**अशोकनगर।** नईसराय के सुरई मैदान में श्री राम कथा के छठवें दिन जगतगुरु आचार्य देव मुरारी बापू ने भगवान श्री सीताराम जी के विवाह की कथा को सुनते हुए कहा पुष्प वाटिका में श्री राम और सीता का पहली बार मिलन हुआ। श्री राम को गुरु विश्वामित्र ने आशीर्वाद दिया इसलिए मनोरथ सफल हुआ वहीं दूसरी और माता गौरी ने सीता जी को मनोरथ सफल होने का आशीर्वाद दिया इसलिए श्री राम पति के रूप में प्राप्त हुए।

माता-पिता गुरु एवं देवी देवता का आशीर्वाद हमेशा फलीभूत होता है लेकिन हम लोग उनमें श्रद्धा नहीं रखते हैं इसी कारण हमारे जीवन के सारे कार्य फेल हो जाते हैं एवं अधूरे रह जाते हैं हमारे अंदर से श्रद्धा के प्रति अविश्वास पैदा होता जा रहा है इसी कारण सांसारिक के लोग दुखी होते जा रहे हैं। जनकपुर धनुष यज्ञशाला में बड़े-बड़े राजा लोग बैठे हुए थे पर गुरु जी के आशीर्वाद से श्री राम ने धनुष को तोड़ा और सीता जी से नाता जोड़ा भगवान के जनकपुर में चार प्रकार के विवाह हुए हैं। पुष्प वाटिका में गंधर्व विवाह हुआ सीता जी ने राम जी के गले में वरमाला डाली यह स्वयंवर हुआ राम जी ने धनुष को तोड़ा वह पूर्ण विवाह हुआ



और राम जी ने सीता जी के साथ-सात फेरे लिए वह लौकिक विवाह हुआ। सीता जी के विदाई के समय माता सुनैना ने शिक्षा देते हुए कहा की पुत्री का यही कर्तव्य है ससुराल में रहकर सास ससुर और गुरु जनों की सेवा करें। पर आज इसके विपरीत हो रहा है आजकल की मां अपनी बेटी को संस्कार नहीं देती हैं। इसलिए ससुराल में जाकर महाभारत की स्थिति पैदा कर देती हैं और थोड़े से विवाद में ही घर छोड़कर मायके आ जाती है या फिर तलाक लेकर दूसरों से शादी करती फिर रही है। रामचरितमानस की शिक्षा हमारे लिए संस्कार देने का कार्य करती है पर आज के दौर में मां-बाप अपने पुत्र और पुत्री को राम कथा सुनने के लिए प्रेरित नहीं करते हैं बल्कि राम कथा से दूर रखना के विचार रखते हैं। कथा में प्रमुख रूप से कथा की व्यवस्थापक सुरेश सिंह रघुवंशी,बाबूलाल सोनी रामचरण सिंह रघुवंशी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित है।

## सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिताएं 14 दिसम्बर से अशोकनगर के संजय स्टेडियम ,रोटरी क्लब, मुस्कान पब्लिक स्कूल में आयोजित कराई जा रही हैं। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजन के द्वितीय सोमवार को कबड्डी, हैंडबॉल, वूशु,वॉलीबॉल (शूटिंग ),अष्टा चंगा, चपेटा,आदि खेलों के आयोजन पूर्व विधायक, धर्मेंद्र रघुवंशी जजपाल सिंह, महेंद्र भारद्वाज, सचिन चैधरी, सुनील त्रिपाठी, सोनू सुमन, मनीष धुरंटे की उपस्थिति में संपन्न कराए गए। खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल परिणाम इस प्रकार रहे।

हैंडबॉल खेल में जूनियर बालक वर्ग में मुस्कान पब्लिक स्कूल विजेता एवं अशोक नगर हैंडबॉल एसोसिएशन उपविजेता रहे, एवं जूनियर बालिका वर्ग में अशोकनगर हैंडबॉल एसोसिएशन विजेता एवं मुस्कान पब्लिक स्कूल उपविजेता रहे। हैंडबॉल खेल के संयोजक अवधेश शर्मा एवं कोच के रूप में महेंद्र रघुवंशी एवं वसीम खान उपस्थित रहे। अष्टा चंगा खेल में सीनियर बालक वर्ग में मुंगावली के सुंदर पाल ने प्रथम स्थान एवं ईसागढ़ के देव भार्गव ने द्वितीय स्थान पाया वहीं जूनियर बालक वर्ग में चंदेरी के जैद जुल्फिकार ने प्रथम एवं अशोकनगर के राज सेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर बालिका अष्टाचंगा में जागृति रघुवंशी विजेता रही। चपेटा खेल में अशोकनगर की कुमारी सहेली कुशवाहा ने प्रथम स्थान एवं मुंगावली की प्राची तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समाचार लिखे जाने तक वॉलीबॉल शूटिंग का फाइनल मुकाबला चंदेरी और ईसागढ़ ब्लॉक की टीमों के मध्य खेला जा रहा था। रोटरी क्लब अशोक नगर में वूशु खेल में विभिन्न कैटिगरी के मुकाबले खेले जा रहे हैं जो की समाचार लेकर जाने तक मैच जारी थे। इन खेलों में संयोजक के रूप में बृजेश धुरेंटे,शालिनी श्रीवास्तव, राजकुमार खरे आदि उपस्थित रहे। कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में मुंगावली विजेता एवं अशोक नगर उप विजेता रहे। जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी में अशोकनगर (शाडोरा) विजेता एवं मुंगावली उप विजेता रहे। सीनियर बालिका वर्ग में मुंगावली टीम विजेता रही। सीनियर पुरुष वर्ग कबड्डी में फाइनल मैच मुंगावली और ईसागढ़ टीम के मध्य खेला जा रहा था। इन खेलों के दौरान ओपी शर्मा क्रीड़ा अधिकारी, प्रह्लाद श्रीवास्तव, शशिकांत भार्गव,मनोज राठौर, राजकुमार रघुवंशी, अशोक ओझा, शब्बीर आदि रहे मौजूद।